**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और सारक्षता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2376**

**उत्तर देने की तारीख: 13.12.2021**

**शिक्षकों की रिक्तियां**

**†2376. कुमारी अगाथा के. संगमा:**
**श्री प्रद्युत बोरदोलोई:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) संपूर्ण देश विशेष रूप से उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केंद्र द्वारा संचालित संस्थानों में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की संख्या के नवीनतम उपलब्ध राज्य–वार आंकड़े क्या हैं;

(ख) क्या सरकार देश में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार आरंभिक शिक्षा, विशेष शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, संगीत, कला और व्यावसायिक शिक्षा की पाठ्यचर्या में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए कोई विशेष कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को उत्तर पूर्वी राज्यों में योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और तैनाती में अंतर की जानकारी है और क्या इसे दूर करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या आईसीटी की अवसंरचना और पुस्तकालयों के प्रावधान में सुधार करने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शिक्षकों के कामकाज की स्थितियों में सुधार करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) दिनांक 01.10.2021 को यूजीसी के कार्यक्षेत्र के तहत देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में स्थित 9 केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षण पदों का विस्तृत विवरण अनुलग्नक- I में दिया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की संख्या का विवरण अनुलग्नक II और III में दिया गया है।

(ख) से (घ) रिक्तियों का होना और भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। यूजीसी लगातार विश्वविद्यालयों के साथ इसकी निगरानी करता है। हालाँकि, शिक्षण पदों को भरने का दायित्व केंद्रीय विश्वविद्यालयों पर है जो संसद के अधिनियमों के तहत बनाए गए स्वायत्त निकाय हैं। इसके अतिरिक्त, केविसं और एनवीएस के लिए स्कूलों में रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है तथा संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया में भर्ती के विभिन्न तरीके शामिल हैं जैसे पदोन्नति, सीमित विभागीय परीक्षा, सीधी भर्ती आदि।

(ङ) आईसीटी अवसंरचना और पुस्तकालयों के प्रावधान में सुधार के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र में स्थित विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कार्य करने की परिस्थितियों में सुधार हेतु, यूजीसी ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र के केंद्रीय विश्वविद्यालयों को निधि उपलब्ध कराई है जिसका विवरण अनुलग्नक- IV पर दिया गया है ।

*****

**अनुलग्नक-I**

**शिक्षकों की रिक्तियां के संबंध में माननीय संसद सदस्यों कुमारी अगाथा के. संगमा और श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2376 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक:**

**केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) में रिक्त पदों को दर्शाते हुए दिनांक 01.10.2021 (राज्य-वार) के अनुसार शिक्षण स्थिति का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| गैर-एनईआर केंद्रीय विश्वविद्यालय | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3 |
| 2 | बिहार | 81 |
| 3 | छत्तीसगढ | 124 |
| 4 | दिल्ली | 1438 |
| 5 | गुजरात | 68 |
| 6 | हरियाणा | 129 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 97 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 173 |
| 9 | झारखंड | 61 |
| 10 | कर्नाटक | 91 |
| 11 | केरल | 81 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 310 |
| 13 | महाराष्ट्र | 18 |
| 14 | ओडिशा | 137 |
| 15 | पंजाब | 89 |
| 16 | पुदुचेरी | 199 |
| 17 | राजस्थान | 100 |
| 18 | तमिलनाडु | 50 |
| 19 | तेलंगाना | 297 |
| 20 | उत्तराखंड | 230 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 1500 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 191 |
| | **कुल (गैर एनईआर सीयू)** | **5467** |
| एनईआर केंद्रीय विश्वविद्यालय | | |
| 23 | असम | 129 |
| 24 | अरुणाचल प्रदेश | 89 |
| 25 | मणिपुर | 119 |
| 26 | मेघालय | 175 |
| 27 | मिजोरम | 58 |
| 28 | नागालैंड | 80 |
| 29 | सिक्किम | 73 |
| 30 | त्रिपुरा | 143 |
| | **कुल (एनईआर सीयू)** | **866** |
| | **कुल योग (गैर एनईआर सीयू+ एनईआर सीयू)** | **6333** |

**<u>अनुलग्नक– II</u>**

**शिक्षकों की रिक्तियां के संबंध में माननीय संसद सदस्यों कुमारी अगाथा के. संगमा और श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा दिनांक** 13 **दिसम्बर** 2021 **को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या** 2376 **के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**:

**जेएनवी में** 30.09.2021 **तक शिक्षण पदों (प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल सहित) की राज्य-वार रिक्तियां**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | दिनांक 30.09.2021 को रिक्त |
|---|---|---|
| **1** | अंडमान निकोबार द्वीप समूह (यू टी) | 34 |
| **2** | आंध्र प्रदेश | 106 |
| **3** | अरुणाचल प्रदेश | 215 |
| **4** | असम | 215 |
| **5** | बिहार | 225 |
| **6** | चंडीगढ़ (यूटी) | 1 |
| **7** | छत्तीसगढ | 225 |
| **8** | दिल्ली (यूटी) | 4 |
| **9** | डीएनएच और दमन दीव (यूटी) | 32 |
| **10** | गोवा | 11 |
| **11** | गुजरात | 256 |
| **12** | हरियाणा | 36 |
| **13** | हिमाचल प्रदेश | 37 |
| **14** | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 210 |
| **15** | झारखंड | 160 |
| **16** | कर्नाटक | 230 |
| **17** | केरल | 59 |
| **18** | लद्दाख (यूटी) | 24 |
| **19** | लक्षद्वीप (यूटी) | 8 |
| **20** | मध्य प्रदेश | 294 |
| **21** | महाराष्ट्र | 181 |
| **22** | मणिपुर | 59 |
| **23** | मेघालय | 122 |
| **24** | मिजोरम | 104 |
| **25** | नगालैंड | 124 |
| **26** | ओडिशा | 258 |
| **27** | पुडुचेरी (यूटी) | 26 |
| **28** | पंजाब | 90 |
| **29** | राजस्थान | 110 |
| **30** | सिक्किम | 25 |
| **31** | तेलंगाना | 69 |
| **32** | त्रिपुरा | 82 |
| **33** | उत्तर प्रदेश | 202 |
| **34** | उत्तराखंड | 67 |
| **35** | पश्चिम बंगाल | 77 |
| **सकल योग** | | **3978** |

**अनुलग्नक-III**

**शिक्षकों की रिक्तियां के संबंध में माननीय संसद सदस्यों कुमारी अगाथा के. संगमा और श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2376 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक:**

**दिनांक 16.11.2021 की स्थिति के अनुसार केवि में शिक्षण पदों (प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल सहित) की क्षेत्रवार रिक्तियां**

| **क्र.सं.** | **क्षेत्र का नाम** | **दिनांक 16.11.2021 को रिक्त** |
|---|---|---|
| **1.** | आगरा | 84 |
| **2.** | अहमदाबाद | 259 |
| **3.** | बैंगलोर | 927 |
| **4.** | भोपाल | 489 |
| **5.** | भुवनेश्वर | 781 |
| **6.** | चेन्नई | 1227 |
| **7.** | चंडीगढ़ | 198 |
| **8.** | दिल्ली | 47 |
| **9.** | देहरादून | 73 |
| **10.** | एर्नाकुलम | 648 |
| **11.** | गुडगाँव | 66 |
| **12.** | गुवाहाटी | 156 |
| **13.** | हैदराबाद | 1182 |
| **14.** | जम्मू | 331 |
| **15.** | जयपुर | 100 |
| **16.** | जबलपुर | 451 |
| **17.** | कोलकाता | 888 |
| **18.** | लखनऊ | 124 |
| **19.** | मुंबई | 713 |
| **20.** | पटना | 431 |
| **21.** | रांची | 348 |
| **22.** | रायपुर | 300 |
| **23.** | सिलचर | 175 |
| **24.** | तिनसुकिया | 248 |
| **25.** | वाराणसी | 122 |
| कुल | | **10368** |

**अनुलग्नक-IV**

**शिक्षकों की रिक्तियां के संबंध में माननीय संसद सदस्यों कुमारी अगाथा के. संगमा और श्री प्रद्युत बोरदोलोई द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2376 के भाग (ङ.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक:**

**वर्ष 2021-22 के दौरान उत्तर पूर्वी क्षेत्र केंद्रीय विश्वविद्यालयों की पूंजीगत आस्ती के तहत आवंटन**

**(लाख रुपए)**

| क्र.सं | केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम | कुल आवंटन में से, ऑनलाइन लर्निंग के लिए पुस्तकों/जर्नल ई-संसाधन (सतत) और आईसीटी सक्षम अवसंरचना के लिए निर्धारित अनुदान | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पूंजीगत आस्ती के तहत कुल आवंटन | पुस्तकें / जर्नल ई-संसाधन (सतत) | ऑन लाइन लर्निंग के लिए आईसीटी सक्षम अवसंरचना |
| 1 | असम विश्वविद्यालय | 1475.00 | 175.00 | 275.00 |
| 2 | तेजपुर विश्वविद्यालय | 1750.00 | 175.00 | 275.00 |
| 3 | राजीव गांधी विश्वविद्यालय | 1875.00 | 175.00 | 275.00 |
| 4 | मणिपुर विश्वविद्यालय | 775.00 | 175.00 | 225.00 |
| 5 | उत्तर पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय | 1100.00 | 225.00 | 300.00 |
| 6 | मिजोरम विश्वविद्यालय | 2000.00 | 175.00 | 275.00 |
| 7 | नागालैंड विश्वविद्यालय | 875.00 | 175.00 | 225.00 |
| 8 | सिक्किम विश्वविद्यालय | 1750.00 | 150.00 | 275.00 |
| 9 | त्रिपुरा विश्वविद्यालय | 800.00 | 175.00 | 225.00 |
| | **कुल** | **12400.00** | **1600.00** | **2350.00** |